# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (29.11.2024)

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE : 29.11.2024, PAGE-08

### विवि में 4.30 बजे तक रहेंगे शिक्षक

मुजफ्फरपुर। कॉलेज व विवि में कार्यरत शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारियों की ड्यूटी अब सुबह 10 से शाम साढ़े चार बजे तक की होगी। बीआरए बिहार विवि प्रशासन ने विश्वविद्यालय मुख्यालय, सभी विभागों, कॉलेज में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मियों की ड्यूटी का समय बिना भोजनावकाश के निर्धारित किया है।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:29.11.2024, PAGE-09

### स्वाति को बेस्ट यंग साइंटिस्ट पुरस्कार

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीएचयू में एग्रीकल्चर एंड अलायड साइंसेज में आधुनिकतम शोध विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में बीआरएबीयू के जन्तु विज्ञान विभाग के शोध छात्रों ने अपना परचम लहराया है।

लीची के कीटों पर मौसम परिवर्तन विषय पर शोध कर रही छात्रा स्वाति सुमन को कांफ्रेंस में बेस्ट यंग साइंटिस्ट का पुरस्कार मिला है, जबकि कचरा निष्पादन में वर्मी कम्पोस्ट की भूमिका पर शोधरत छात्रा प्रियंका और पशुओं से मानव में यक्ष्मा (टीबी) के संचरण पर शोध करने वाले सन्नी कुमार को सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र प्रस्तुतीकरण का पुरस्कार दिया गया है। स्वाति के शोध प्रदर्शक प्रो. मनेन्द्र कुमार हैं, लेकिन उनके विदेश दौरे पर होने के कारण विभाग के डॉ. ब्रजकिशोर सिंह ने इस पेपर प्रेजेंटेशन के लिए उनका मार्गदर्शन किया। प्रियंका एवं सन्नी के शोध प्रदर्शक भी डॉ. ब्रजकिशोर सिंह ही हैं।



**अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में बीआरएबीयू के नाम कई पुरस्कार**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 29.11.2024, PAGE-09

### 40 विश्वविद्यालयों की टीम प्रतियोगिता में लेगी हिस्सा

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में 26 से 30 दिसंबर तक आयोजित पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में बिहार के अलावा बंगाल, उड़ीसा, असम, छतीसगढ़ समेत विभिन्न राज्यों के 40 विश्वविद्यालयों की महिला खिलाड़ी भाग लेंगी।

- अंतर विवि महिला बॉस्केटबॉल 26 से
- आयोजन की सफलता के लिए बनी कमेटी

प्रतियोगिता का आयोजन एलएन मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट परिसर में होगा। इसके सफल संचालन के लिए गुरुवार को आयोजन समिति का गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय होंगे। उपाध्यक्ष के रूप में नौ लोगों को रखा गया है। इसमें क्रीड़ा परामर्शी डॉ. संजय सिंह, कुलानुशासक डॉ. विनय शंकर राय, डीएसडब्ल्यू डॉ. आलोक प्रताप सिंह, सीसीडीसी डॉ. मधु सिंह, कुलसचिव डॉ. अपराजिता कृष्णा, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. कल्याण झा, मैनजमेंट कॉलेज के कुलसचिव डॉ. कुमार शरतेन्दु शेखर, वित्त पदाधिकारी प्रवेश कुमार पाठक और बिहार बास्केटबॉल संघ के सचिव सुशील कुमार को शामिल किया गया है। आयोजन सचिव में डॉ. कांतेश कुमार, संयुक्त सचिव के रूप में डॉ. शंकर कुमार सिंह झा, डॉ. राजेश्वर कुमार को रखा गया है। सदस्यों में 10 लोगों को रखा गया है।

**BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR**

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR DATE:29.11.2024, PAGE-06**

## स्वाति सुमन को मिला बेस्ट यंग साइंटिस्ट का पुरस्कार

**मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी जूलाजी विभाग की छात्रा स्वाति सुमन को बीएचयू में आयोजित इंटरनेशनल कान्फ्रेंस में बेस्ट यंग साइंटिस्ट का पुरस्कार मिला है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में एग्रीकल्चर एंड अलायड साइंसेज में आधुनिकतम शोध विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कान्फ्रेंस में छात्रा ने शोध प्रस्तुत किया है। (जासं)

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:29.11.2024, PAGE-06**

## अब 10 से 4.30 तक कालेजों में रहेंगे शिक्षक

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी विभागों से लेकर अंगीभूत और संबद्ध कालेजों के लिए कार्य अवधि में बदलाव किया गया है। अब विश्वविद्यालय मुख्यालय, अधीनस्थ विभाग, पीजी विभागों से लेकर कालेजों में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों की उपस्थिति 10 बजे से चार बजकर 30 मिनट तक बिना भोजनावकाश के सुनिश्चित किया गया है। इससे पहले फरवरी में विश्वविद्यालय की ओर से कार्य आदेश जारी किया गया था।

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR DATE : 29.11.2024, PAGE-04**

## विवि और कॉलेजों में अब नहीं होगा भोजनावकाश

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू ने अब सुबह 10 से शाम 4.30 बजे तक पीजी विभागों व कॉलेजों का संचालन करने का निर्णय लिया है. इस अवधि में भोजनावकाश को शामिल नहीं किया गया है. विवि के प्रभारी कुलसचिव बिनोद बैठा ने गुरुवार को इसकी अधिसूचना जारी की है. कहा है कि वीसी के आदेश पर पीजी विभागों से लेकर अंगीभूत व संबद्ध कालेजों के लिए कार्य अवधि में बदलाव किया गया है. अब विवि मुख्यालय, अधीनस्थ विभाग, पीजी विभागों से लेकर कॉलेजों में शिक्षकों व कर्मचारियों को सुबह 10 से संध्या चार बजकर 30 मिनट तक उपस्थिति दर्ज करानी होगी. इस अवधि में उन्हें भोजनावकाश नहीं दिया जायेगा. पत्र में कहा गया है कि इसी वर्ष फरवरी में विवि ने नया कार्यादेश जारी किया था. इसमें आंशिक परिवर्तन किया गया है. विभागों व कॉलेजों को कहा गया है कि इस समयावधि में अपनी जरूरत के अनुसार बदलाव कर सकते हैं, लेकिन विवि से अनुमति लेनी होगी.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR**
**DATE : 2024, PAGE-02**

# बिहार विवि में जंतु विज्ञान में शोधार्थी स्वाति को बेस्ट यंग साइंटिस्ट सम्मान



**मुजफ्फरपुर** | बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में एग्रीकल्चर एंड अलायड साइंसेज में आधुनिकतम शोध विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में बीआरए बिहार विवि के जंतु विज्ञान विभाग के शोधार्थियों ने परचम लहराया है। लीची कीटों पर मौसम परिवर्तन के प्रभाव विषय पर शोध कर रही छात्रा स्वाति सुमन को बेस्ट यंग साइंटिस्ट का पुरस्कार मिला है। जबकि, कचरा निष्पादन में वर्मी कंपोस्ट की भूमिका पर शोधरत छात्रा प्रियंका और पशुओं से मानव में यक्ष्मा (टीबी) के संचरण पर शोध कार्य करनेवाले सन्नी कुमार को सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र प्रस्तुतीकरण का पुरस्कार मिला है। स्वाति सुमन के शोध प्रदर्शक जाने-माने वैज्ञानिक प्रो. मनेंद्र कुमार हैं, लेकिन अभी उनके विदेश दौरे पर होने के कारण उन्होंने विभाग के ही डॉ. ब्रज किशोर प्रसाद सिंह को इसके पेपर प्रेजेंटेशन के लिए शोध छात्रा का मार्गदर्शन करने की जिम्मेदारी दी थी। प्रियंका व सन्नी कुमार के शोध प्रदर्शक भी डॉ. ब्रज किशोर प्रसाद ही हैं।

**BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR**

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR
DATE : 29.11.2024, PAGE-02

# विवि-कॉलेजों में लंच टाइम खत्म, सुबह 10 से शाम 4.30 बजे तक होगा काम

मुजफ्फरपुर | बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के साथ ही पीजी विभाग और कॉलेजों की कार्य अवधि सुबह 10 बजे से शाम 4.30 बजे तक निर्धारित की गई है। इसमें लंच टाइम के लिए छूट नहीं दी गई है। कुलपति के आदेश पर कार्य अवधि में संशोधन करते हुए कुलसचिव ने गुरुवार को अधिसूचना जारी की है। अब विश्वविद्यालय मुख्यालय, अधीनस्थ विभाग, पीजी विभागों से लेकर कॉलेजों में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों को सुबह 10 बजे से शाम 4.30 बजे तक कार्य स्थल पर रहना है। फरवरी में विश्वविद्यालय की ओर से कार्य आदेश जारी किया गया था। विश्वविद्यालय की ओर से कहा गया है कि कॉलेज प्रशासन अपनी सुविधा और आवश्यकता के अनुसार समय सारणी में बदलाव कर सकते हैं। इसकी सूचना विश्वविद्यालय को भी देनी होगी।

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR
DATE : 29.11.2024, PAGE-02

# ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल की मेजबानी बीआरएबीयू को

मुजफ्फरपुर | ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी बीआरए बिहार विवि को मिली है। 17 साल बाद इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट की मेजबानी मिलने से विवि उत्साह का माहौल है। वहीं, तैयारी भी शुरू हो गई है। 26 से 30 दिसंबर तक यह प्रतियोगिता एलएन मिश्र कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में आयोजित होगी। पांच दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में बिहार, बंगाल, ओडिशा, असम, पूर्वी उत्तर प्रदेश व छत्तीसगढ़ के 40 से अधिक विवि की टीमें शामिल होंगी। इसको लेकर विवि की ओर से गुरुवार को आयोजन समिति का गठन किया गया। समिति की पहली बैठक एक दिसंबर को होगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष कुलपति प्रो. डीसी राय बनाए गए हैं। समिति में क्रीड़ा परामर्शी डॉ. संजय सिन्हा, प्रॉक्टर डॉ. विनय शंकर राय, डीएसडब्ल्यू डॉ. आलोक प्रताप सिंह, सीसीडीसी डॉ. मधु सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. अपराजिता कृष्णा, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. कल्याण झा, एलएन मिश्र कॉलेज के कुलसचिव डॉ. कुमार शरतेंदु शेखर, वित्त पदाधिकारी प्रवेश कुमार पाठक, बिहार बास्केटबॉल संघ के सचिव सुशील कुमार, क्रीड़ा परिषद् के सचिव डॉ. कांतेश कुमार, डॉ. शंकर कुमार सिंह झा, डॉ. राजेश्वर कुमार, प्रो. ओपी राय, प्रो. मनोज कुमार, प्रो. ममता रानी, प्रो. अभय कुमार, प्रो. कनुप्रिया आदि को रखा गया है।